# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

**दूरभाषः– 9473942572, ई0–मेल eeupjnrural22@gmailcom**

पत्रांक 964 / M.D / 104 दिनांक 22.8.26

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र दै0 अमर उजाला बरेली, दिनांक 21.08.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम / प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग / जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | अमर उजाला दिनांक 21–08–2026 | **तीन ओवरहे टैंक का अलाइनमेंट मिला तिरछा, एक को गिराया–**  तीन ओवरहेड टैंकों का अलाइनमेंट मिला तिरछा, एक को गिराया ... तालाब किनारे बनाए 3 ओवरहेड टैंक जल्द कराए जाएंगे ध्वस्त | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत 109 नग पेयजल योजनाएं जो कि जल निकाय/जल स्त्रोत के निकट है उन ओवर हेड टैंक के तकनीकी निरीक्षण नामित नोडल अधिकारियों के द्वारा किया गया था, के कम में अवगत कराना है कि 109 नग पेयजल योजनाओं पर नोडल अधिकारीओं द्वारा निरीक्षण पूर्ण करके आख्या उपलब्ध कराई गई है प्राप्त आख्या में बताया गया कुल 3 नग अवर जलाशय तालाब के अत्यधिक निकट है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि तत्काल उक्त अवर जलाशयों को ध्वस्त कराया जाये जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सकें। अवर जलाशय को पूर्ण रूप से ध्वस्त करने के लिए अनुबन्धित सस्था को निर्देशित कर दिया गया है। जिसके क्रम में अनुबन्धित सस्था द्वारा अवर जलाशय के विभिन्न घटकों को तोडने का कार्य प्रगति पर है। जिसका पूरा व्यय अनुबन्धित संस्था द्वारा किया जायेगा। | |

भवदीया

अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता

# तीन ओवरहेड टैंकों का अलाइनमेंट मिला तिरछा, एक को गिराया

## सरदारनगर की घटना के बाद जांच में सामने आया मामला

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के सरदारनगर में चार मई को हुए हादसे के बाद प्रशासन की जांच में तीन और ओवरहेड टैंकों का अलाइनमेंट तिरछा मिला। इनमें से एक को गिराया जा चुका है, जबकि दो को गिराने की तैयारी चल रही है। ये तीनो टैंक तालाब के किनारे बनाए गए हैं।

सरदारनगर में हुए हादसे के तीन माह बाद जल निगम की ओर से सभी 876 स्कीमों (निर्माण स्थलों) की जांच कराई जा रही है। इसमें मृदा परीक्षण, कंक्रीट व अलाइनमेंट की जांच शामिल है। अब तक 150 पूर्ण परियोजनाओं में से 109 की रिपोर्ट आ चुकी है। इसमें आलमपुर जफराबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत आलमपुर जाफराबाद में पिलर का अलाइनमेंट तिरछा मिला। विभाग की ओर से इसे जमींदोज करा दिया गया।

नवाबगंज ब्लॉक के लाइखेड़ा में ओवरहेड टैंक नहीं बना है, लेकिन पिलर खड़ा हो गया है। अलाइनमेंट तिरछा होने की वजह से अब इसको भी गिराया जाएगा। बिथरी चैनपुर के खजुरिया ग्राम पंचायत में टैंक का अलाइनमेंट भी तिरछा मिला है। इसे भी तोड़ा जाएगा।

**एनसीसी फर्म की लापरवाही, दोबारा करना होगा निर्माण :** जल निगम ग्रामीण की अधिशासी अभियंता आकांक्षा सिंह ने बताया कि जांच में कार्यदायी फर्म एनसीसी लिमिटेड की लापरवाही पाई गई है। तालाब किनारे ओवरहेड टैंक बनाने, मृदा, कंक्रीट व अलाइनमेंट की जांच नहीं कराने की बात सामने आई है। अब ग्राम पंचायत में दूसरी जगह भूमि मिलने पर कार्यदायी फर्म को दोबारा ओवरहेड टैंक का निर्माण कराना होगा।

इसका खर्च फर्म स्वयं वहन करेगी। प्रत्येक स्कीम पर ढाई से तीन करोड़ रुपये खर्च होते हैं। इसमें ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन का खर्च शामिल है।



आलमपुर जाफराबाद में ओवरहेड टैंक गिराने के बाद मौके पर पड़ा मलबा। *संवाद*

### 150 परियोजनाएं पूरी, 8,341 किमी पाइप लाइन बिछी

जिले में अगस्त 2021 से जल जीवन मिशन के तहत काम हो रहा है। 1188 ग्राम पंचायतों के 1807 राजस्व गांवों में 8341 किमी पाइप लाइन बिछाई जानी है। जल निगम ग्रामीण को नोडल एजेंसी बनाकर एनसीसी लिमिटेड फर्म से काम कराया जा रहा है। विभाग का दावा है कि अब तक 150 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। ओवरहेड टैंक व सीधे ट्यूबवेल के जरिये 1230 गांवों में सप्लाई चालू कर दी गई है। अब तक कुल 403 टंकियां तैयार हो गई हैं।

*सतर्कता को देखते हुए सभी स्कीम में मृदा, कंक्रीट व अलाइनमेंट जांच कराई गई है। तीन ओवरहेड टैंक में गड़बड़ी मिलने पर उनको गिराया जाएगा। इसमें आलमपुर जाफराबाद की टंकी को गिराया जा चुका है। – आकांक्षा सिंह, अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण*

POLICE COLLECTION